BSNLEU

BSNL EMPLOYEES UNION

Central Head Quarters

Ph.: 011-25705385
Fax : 011-25894862

P. Abhimanyu
General Secretary

Main Recognised Representative Union.
Dada Ghosh Bhawan, 2151/1, New Patel Nagar,
Opp. Shadipur Bus Depot, New Delhi-110008
E-mail : bsnleuchq@gmail.com, Website : www.bsnleu.in

बीएसएनएलईयू /102 (सर्कुलर सं. 04/2022 दिनांक 11 मार्च 2022

सेवा में,

सर्किल सचिव
केंद्रीय पदाधिकारी
और जिला सचिव

10वां अखिल भारतीय सम्मेलन 02 से 04 अप्रैल 2022 को गुवहाटी में आओ इसे मिलकर सफलतापूर्वक संचालित करें।

साथियो,

जैसा कि आप जानते हैं बीएसएनएलईयू का 10वां अखिल भारतीय सम्मेलन 02 से 04 अप्रैल 2022 को गुवहाटी में आयोजित किया जा रहा है। अखिल भारतीय सम्मेलन की स्वागत समिति सम्मेलन को ऐतिहासिक रूप से सफल बनाने के लिए पूरे प्रयत्न कर रही है। जैसा कि पहले ही सूचित किया जा चुका है, इस अखिल भारतीय सम्मेलन के लिए डेलीगेट फी 1000रु. प्रति डेलीगेट/ओब्जरवर होगी।

सीएचक्यू ने अखिल भारतीय सम्मेलन के लिए पोस्टर पहले ही छपवा लिए हैं और उन्हें जिला यूनियनों को पहले ही भेज दिया गया है। हमारे सम्मेलन को व्यापक प्रचार दिलाने के लिए पोस्टरों को प्रमुख स्थानों पर लगाया जाना चाहिए।

पिछले अखिल भारतीय सम्मेलन 4 दिन के लिए आयोजित किए गए थे। लेकिन गुवहाटी अखिल भारतीय सम्मेलन केवल 3 दिन के लिए आयोजित किया जाएगा। इसलिए सर्किल और जिला सचिवों से, और डेलीगेटों और ओब्जरवरों से भी अखिल भारतीय सम्मेलन को अनुषासित तरीके से और सफलतापूर्वक संचालित करने के लिए भारी सहयोग की आवष्यकता है।

पिछले अखिल भारतीय सम्मेलनों में यह देखा गया है कि काफी संख्या में डेलीगेटों और ओब्जरवरों ने सम्मेलन में भाग नहीं लिया, बल्कि पर्यटन स्थलों के भ्रमण पर चले गए जबकि सम्मेलन चल रहा था। यह बहुत ही गैर–अनुषासनिक व्यवहार है। इसे गुवहाटी सम्मेलन में फिर से इजाजत नहीं दी जाएगी।

आगामी अखिल भारतीय सम्मेलन के सफलतापूर्वक संचालन के लिए अखिल भारतीय यूनियन सर्किल और जिला सचिवों को और डेलीगेटों और ओब्जरवरों को भी निम्नलिखित सलाह देती है।

1. अखिल भारतीय केंद्र ने प्रत्येक सर्किल के लिए मान्य डेलीगेटों और ओब्जरवरों की संख्या की पहले ही घोषणा कर दी है। केवल प्रत्येक सर्किल के लिए तय किए गए डेलीगेटों और ओब्जरवरों की संख्या को ही सम्मेलन में इजाजत दी जाएगी। किसी भी सर्किल से किसी भी तरह किसी अतिरिक्त डेलीगेट या ओब्जरवर को इजाजत नहीं दी जाएगी।
2. सभी सर्किल सचिवों से उन डेलीगेटों और ओब्जरवरों के नाम भेजने का अनुरोध है जो अखिल भारतीय सम्मेलन में भाग लेंगे। यह सूची सीएचक्यू को 25.03.2022 को या उससे पहले भेज देनी चाहिए। यह बहुत ही महत्वपूर्ण है और सभी सर्किल सचिवों से बिना चूक किए ऐसा करने का अनुरोध है।
3. झंडारोहण समाराह 02.04.2022 को सुबह 09.00 बजे आरंभ होगा और सम्मेलन 04.04.2022 को षाम 05.00 बजे समाप्त होगा। अखिल भारतीय सम्मेलन में आने वाले सभी डेलीगेटों और ओब्जरवरों को इन टाइमिंग्स को कायम रखने का अनुरोध है।
4. सभी डेलीगेटों और ओब्जरवरों से सम्मेलन में पूर्ण रूप से भाग लेने का अनुरोध है। किसी भी डेलीगेटों और ओब्जरवरों को जब सम्मेलन का सत्र चल रहा होगा तब पर्यटन स्थलों के भ्रमण करने के लिए जाने की इजाजत नहीं दी जाएगी। अगर कोई डेलीगेट या ओब्जरवर सम्मेलन के दौरान पर्यटन स्थलों के भ्रमण के लिए गया पाया गया तो उसे इसके बाद सम्मेलन में इजाजत नहीं दी जाएगी।
5. सम्मेलन के दौान अनुपस्थितों का पता लगाने के लिए हाजिरी ली जाएगी।

सीएचक्यू सभी सर्किल और जिला यूनियनों और डेलीगेटों और ओब्जरवरों से भी सम्मेलन को सफलतापूर्वक संचालित करने के लिए अपना सहयोग देने का अनुरोध है।

सधन्यवाद,

आपका

(पी. अभिमन्यु)
महासचिव